मुरलीधर मोहोळ
MURLIDHAR MOHOL

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राज्य मंत्री
नागर विमानन एवं सहकारिता
भारत सरकार
Minister of State for
Civil Aviation and Cooperation
Government of India

संदेश

हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की शिरोमणी और सबसे बड़ी सम्पर्क भाषा है। भारत की राजभाषा के रूप में इसकी गरिमा और महत्व सर्वोच्च है।

भारत के नागरिक के रूप में हमारा शासकीय दायित्व है कि हम अपनी राजभाषा का सम्मान करते हुए इसका अधिकाधिक प्रयोग, प्रचार एवं प्रसार कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करें।

इससे न केवल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश की राजभाषा को सम्मानजनक दर्जा प्राप्त होगा बल्कि देश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

हिंदी, संघ की राजभाषा होने के कारण, हम सभी का यह संवैधानिक दायित्व है कि हम राजभाषा संबंधी सरकारी अनुदेशों का उसी दृढ़ता से पालन करें जैसा कि अन्य सरकारी अनुदेशों का पालन करते हैं।

अतः हिंदी दिवस, 2024 के पावन अवसर पर हमारा यह संकल्प हो कि हम अपने शासकीय कार्य में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और अपने इस शासकीय दायित्व का पूर्ण समर्पण भाव से निर्वहन करें।

हिंदी दिवस 2024 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ।

मुरलीधर मोहोळ
केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली – 110003

Ministry of Civil Aviation, Room No.-360, B-Block, Rajiv Gandhi Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi-110003
Office Tel. : +91-11-24627231, 24626001; E-mail : mos.moca@gov.in, Web : www.civilaviation.gov.in
Ministry of Cooperation : 8th Floor, Atal Akshay, Urja Bhawan, Lodhi Road, New Delhi-110003